# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com** , वेबसाईट- **https://snpv.ac.in**

क्रमाँक. 2117 / परीक्षा / 2021 रायगढ़, दिनाँक 13.12.2021

## –:: अधिसूचना ::–

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों हेतु सत्र 2021–22 के स्नातकोत्तर एवं विधि पाठ्यक्रमों के तृतीय सेमेस्टर, स्नातक द्वितीय वर्ष तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के नियमित परीक्षार्थियों एवं स्नातक (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष)/स्नातकोत्तर (पूर्व एवं अंतिम) स्वाध्यायी छात्रों द्वारा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ की **website https://snpv.ac.in** में उपलब्ध **Online Portal Link** के माध्यम से ऑनलाईन नामाँकन (उन परीक्षार्थियों के लिए जिनका नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है एवं प्रथम बार परीक्षा में सम्मिलित होगें), परीक्षा आवेदन एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क (विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमाँक 1757/परीक्षा/2021 रायगढ़ दिनांक 25.11.2021 द्वारा निर्धारित) जमा करने के लिए तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

| क्रं. | विवरण | दिनाँक |
|---|---|---|
| 01. | स्नातक द्वितीय वर्ष (नियमित प्रवेशित), स्नातकोत्तर एवं विधि पाठ्यक्रमों के तृतीय सेमेस्टर तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क | प्रारंभिक तिथि 13.12.2021 से अंतिम तिथि 27.12.2021 रात्रि 12:00 बजे तक |
| 02. | स्नातक द्वितीय वर्ष (नियमित प्रवेशित), स्नातकोत्तर एवं विधि पाठ्यक्रमों के तृतीय सेमेस्टर तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क रूपये 200/– के साथ | प्रारंभिक तिथि 28.12.2021 से अंतिम तिथि 31.12.2021 रात्रि 12:00 बजे तक |
| 03. | स्नातक (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष)/स्नातकोत्तर (पूर्व एवं अंतिम) पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी छात्रों लिए बिना विलंब शुल्क | प्रारंभिक तिथि 20.12.2021 से अंतिम तिथि 05.01.2022 रात्रि 12:00 बजे तक |
| 04. | स्नातक (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष)/स्नातकोत्तर (पूर्व एवं अंतिम) पाठ्यक्रमों के स्वाध्यायी छात्रों लिए विलंब शुल्क रूपये 200/– के साथ | प्रारंभिक तिथि 06.01.2022 से अंतिम तिथि 10.01.2022 रात्रि 12:00 बजे तक |

- परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म भरते समय पोर्टल पर दिये गये निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करें एवं पूर्ण सावधानी के साथ परीक्षा फॉर्म भरे।
- परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी (प्रिंट कर) आवश्यक दस्तावेज के साथ संलग्न कर संबंधित पाठ्यक्रमों के लिए उपरोक्त उल्लेखित अंतिम तिथि तक अनिवार्यतः महाविद्यालय में जमा किया जाये।
- महाविद्यालय ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से स्नातक द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों की आई.डी. को पोर्टल पर अनिवार्यतः लॉक करेंगे।
- महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल से ऑनलाईन आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की सूची डाउनलोड कर सूची के क्रमानुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदनों का आवश्यक संलग्नक दस्तावेजो के साथ परीक्षण कर विधिवत् अग्रेषित कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि पृथक से जारी की जायेगी।

नोट :–

01. शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों के स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा अटल बिहारी व़ाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा ली जायेगी अतः स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राएँ अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा परीक्षा हेतु जारी अधिसूचना का अवलोकन कर परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

13/12/21

02. विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष (स्वाध्यायी) की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे वे स्वाध्यायी छात्र–छात्राएँ जिनका नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है वे नामाँकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म दोनो भरेंगे।

03. विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर के द्वितीय वर्ष (स्वाध्यायी) की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे वे स्वाध्यायी छात्र–छात्राएँ जिनका नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है वे नामाँकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म दोनो भरेंगे अपितु जिन छात्रों का नामाँकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका है वे सीधा परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

04. विश्वविद्यालय के स्नातक स्तर के द्वितीय वर्ष की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे वे नियमित छात्र–छात्राएँ जिनका नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है वे नामाँकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म दोनो भरेंगे अपितु जिन छात्रों का नामाँकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका है वे सीधा परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

05. विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे वे नियमित छात्र–छात्राएँ जिनका नामाँकन इस विश्वविद्यालय में नही हुआ है वे नामाँकन फॉर्म एवं परीक्षा फॉर्म दोनो भरेंगे अपितु जिन छात्रों का नामाँकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका है वे सीधा परीक्षा फॉर्म भरेंगे।

आदेशानुसार

प्रभारी कुलसचिव

पृ.क्रं. 2118/परीक्षा/2021 रायगढ़, दिनाँक 13.12.2021

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपय महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
03. वित्ताधिकारी/सहायक कुलसचिव (गोपनीय/भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्रभारी कुलसचिव